श्राद्धकल्प पितरगाथा

Gurudev Raj Verma

Mob- +91-9897507933

WhatsApp- +91-7500292413

Website- gurudevrajverma.com

Email- mahakalshakti@gmail.com

मत्स्यभगवान् ने कहा- मैं उस गाथा का वर्णन कर रहा हूं जिसका अपने पुर में स्थित कामना करने वाले पितरों ने कथन किया था। क्या हम लोगों के वंशमें कोई ऐसा व्यक्ति जन्म लेगा, जो अधिक एवं शीतल जलवाली नदियों में जाकर हमलोगों को जलांजलि देगा? क्या हमारे कुलमें कोई ऐसा व्यक्ति जन्म लेगा, जो दूध, मूल, फल और खाद्य सामग्रियों से या तिलसहित जल से नित्य श्राद्ध करेगा? क्या हमारे वंश में कोई ऐसा व्यक्ति जन्म लेगा, जो वर्षाऋतु के मघानक्षत्र की त्रयोदशी तिथि को मधु और घी से मिश्रित दूध में पका हुआ खाद्य पदार्थ हमें समर्पित करेगा? क्या हमारे कुल में कोई ऐसा व्यक्ति जन्म लेगा, जो कालशाक से श्राद्ध करेगा? कालशाक, महाशाक, मधु और मुनिजनों के अनुकूल अन्नों को हम लोग सूर्योस्त से पूर्व ही ग्रहण करते हैं। हमारे कुलमें उत्पन्न हुआ कौन व्यक्ति सूर्यग्रहण के अवसर पर गयातीर्थ में एवं गजच्छायायोग में योगियों को फल के गूदे का भोजन करायेगा? इन खाद्य पदार्थों से हम लोगों को कल्पपर्यन्त तृप्ति बनी रहती है और दाता प्रलयकालपर्यन्त सभी लोकों

GURUDEV RAJ VERMA
9897507933
7500292413

में स्वेच्छानुसार विचरण करता है- इसमें अन्यथा विचार नहीं करना चाहिये। पूर्वकथित इन पांचोंमें से एक से भी हम लोग सदा अनन्त तृप्ति प्राप्त करते हैं, फिर सभी के द्वारा करने पर तो कहना ही क्या है?

क्या हमारे वंश में कोई ऐसा नरश्रेष्ठ पैदा होगा, जो ब्राह्मणश्रेष्ठ को ब्याती हुई गाय का दान देगा? ब्याती हुई गाय का दान करने पर महान् पुण्यफल प्राप्त होता है। जब तक बछड़ा योनि के भीतर रहता है एवं जब तक गर्भ को नहीं छोड़ता, तब तक उस गौ को वनपर्वतों सहित पृथ्वी समझना चाहिये। जो व्यक्ति द्रव्यसहित ब्याती हुई गाय का दान देता है, उसने मानो सभी समुद्र, गुफा, पर्वत और जंगलों के साथ चतुर्दिग्व्याप्त पृथ्वी का दान कर दिया, इसमें सन्देह नहीं। उस बछड़े के तथा गौ के शरीर में जितने रोएं होते हैं उतने युगों तक दाता देवलोक में पूजित होता है। क्या हमारे वंश में कोई ऐसा व्यक्ति जन्म लेगा, जो वृषभ का उत्सर्ग करेगा? वह वृष विशेषरूप से सभी रंगों की अपेक्षा नील अथवा शुक्लवर्ण का होना चाहिये। क्या हमलोगों के कुल में कोई ऐसा व्यक्ति उत्पन्न होगा,

GURUDEV RAJ VERMA
9897507933
7500292413

जो श्रद्धासम्पन्न होकर सुवर्ण, गौ और पृथ्वी दान करेगा? क्या हमारे वंश में कोई ऐसा पुरुषश्रेष्ठ पैदा होगा, जो कूप, बगीचा, सरोवर और बावलियों का निर्माण करायेगा? क्या हमारे कुल में कोई ऐसा व्यक्ति जन्म लेगा, जो सभी प्रकार से मधुदैत्य के नाशक देवेश भगवान् विष्णु की शरण ग्रहण करेगा? क्या हमारे कुल में कोई ऐसा प्रतिभाशाली विद्वान होगा, जो विद्वानों को विधिपूर्वक धर्मशास्त्र की पुस्तकों का दान देगा? भूपाल! मैंने इस प्रकार आपसे मुनियों द्वारा कही गयी इस श्राद्धकर्म की विधि का वर्णन कर दिया। यह पापनाशिनी, पुण्य को बढ़ाने वाली एवं संसार में प्रमुखता प्रदान करने वाली है। जो श्राद्ध के समय पितरों को यह पितरगाथा सुनाता है उसके पितर दिये गये पदार्थों को अक्षयरूप में प्राप्त करते हैं।

Books Written by Gurudev Shri Raj Verma ji

GURUDEV RAJ VERMA
9897507933
7500292413

- **Divya Mantra Sadhana Evam Siddhi**



- **Shri Baglamukhi Divya Sadhana**

GURUDEV RAJ VERMA
9897507933
7500292413



GURUDEV RAJ VERMA
9897507933
7500292413